तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 21 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 बलरामपुर से सामरी कुसमी जाने वाले मार्ग पर यात्री बस संचालन नहीं होने से ...



खबर संक्षेप

ओंकारेश्वर शिव मंदिर में संगीतमय भागवत कथा आज से

अम्बिकापुर। ओंकारेश्वर शिव मंदिर राजेंद्र नगर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 21 अक्टूबर से कथा वाचक ललित नरेंद्र महाराज के सानिध्य में किया गया है. जिसमें कथा अनुसार झांकियां का प्रदर्शन भी होगा। शिव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित भागवत कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो गांधीनगर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुक्ति पारा शिवमंदिर होकर आयोजन स्थल में संपन्न होगी। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक भागवत कथा के विविध प्रसंगों का संगीतमय वाचन होगा। भागवत कथा का समापन 27 अक्टूबर को कथा उपरांत संस्कार कार्य, पूर्णाहुति, हवन और भंडारा भी होगा। समिति ने शहर के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने का आग्रह किया है।

26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 23 से

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ की 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ 23 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे अंबिकापुर स्थित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ांगन में होगा। चार दिवसीय यह प्रतियोगिता 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें प्रदेश के पांचों संभागों से 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 595 खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा, खेल कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल और सॉफ्ट टेनिस की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। फुटबॉल में 19 वर्ष आयु वर्ग की बालक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बैडमिंटन में 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के मुकाबले होंगे। बास्केटबॉल में 14 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। वहीं, सॉफ्ट टेनिस में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के बीच मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचने वाले खिलाड़ी इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, खेल कौशल को निखारने और राज्य स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

कल सभी स्टेशनों पर होगा रेल जनसंवाद

बिश्रामपुर। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार विशेष अभियान 6.0 के तहत 22 अक्टूबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर 'पैन इंडिया रेल जनसंवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें रेलवे अधिकारी यात्रियों, युवाओं और आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुनेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य यात्री सुविधाओं में सुधार, रेलवे सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाना तथा यात्रियों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण करना है। इस दौरान स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता और अन्य रेल सेवाओं से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों को दर्ज कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जनसंवाद कार्यक्रम के बाद रेलवे स्टेशनों और परिसरों में स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके माध्यम से स्टेशन परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के साथ यात्रियों और आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर अपने सुझाव देने और रेलवे स्टेशनों को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने में सहयोग करने की अपील की है।





निकाली गई शोभा यात्रा, जगह-जगह किया गया स्वागत

रावण दहन के साथ मनाया मना बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को सरगुजा में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। दशहरा के अवसर पर शहर में राम मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नगर भ्रमण के बाद पीजी कॉलेज मैदान पहुंची जहां विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद रावण का दहन किया गया।

इस बार समिति द्वारा 80 फीट के रावण, 60-60 फीट के कुम्भकर्ण मेघनाथ के पुतले का दहन हुआ। इस दौरान लेजर लाईट से रामायण का सजीव चित्रण लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल भी शामिल हुए। बता दें कि विजया दशमी महोत्सव को लेकर सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। संयुक्त समिति के तत्वाधान में राम चरित मानस गायन व शैला एवं सुगा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें संभाग भर से कलाकारों ने प्रस्तुति दी थी। वहीं समिति द्वारा पीजी कॉलेज मैदान में रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतले का निर्माण कराया जा रहा था। मंगलवार को दशहरा त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। जिलेभर से हजारों की संख्या में लोग शहर में पहुंचे थे। दोपहर बाद शहर में समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान व माता सीता की झांकियों के साथ राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शैला और पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरने वाली इस शोभायात्रा में जगह-जगह भगवान श्री राम दरबार का आत्मीय व भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा सदर रोड, महामाया ⏭शेष 2 पर



आतिशबाजी के बाद रावण दहन

विजयादशमी के मौके पर समिति द्वारा विशेष आतिशबाजी की गई। तिशबाजी से आकाश जगमगा उठा। आतिशबाजी के बाद अग्नि युक्त बाण से रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाकर बुराई पर अच्छे की जीत का प्रतीक विजयादशमी का त्यौहार मनाया। जबकि इसके पहले समिति द्वारा लेजर लाइट एवं ऑडियो के माध्यम से रामायण का सजीव और संक्षिप्त चित्रण प्रस्तुत किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा।

विजयादशमी पर निकली हिन्दू युवा एकता मंच की विशाल शोभायात्रा





मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कला केंद्र मैदान से गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा नगर भ्रमण के बाद महामाया मंदिर पहुंची जहां विशेष रूप से पूजा अर्चना और आरती की गई। शोभायात्रा में शामिल राम जानकी की झांकी, संबलपुर आर्ट्स आकर्षण का केंद्र रही।

■ आकर्षक झांकियां रही आकर्षण का केंद्र, भगवान श्री राम के जयकारे से गूंजा सरगुजा

शारदीय नवरात्रि और विजया दशमी पर्व को लेकर हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा पिछले एक महीने से तैयारियां की जा रही थी। इस दौरान हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा शहर के घड़ी चौक को आकर्षक रूप से सजाने के साथ ही घड़ी चौक से महामाया मंदिर तक विशेष साज सज्जा की गई है और पूरे शहर को भगवा रंग से रंग दिया गया है। शहर में जगह जगह विशाल कट आउट लगाए गए है। मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर सुबह से ही जिलेभर से युवा कला केंद्र मैदान में पहुंचने शुरू हो गए थे। इस दौरान दोपहर में डीजे पर भक्ति गीतों के साथ शोभा यात्रा की शुरुआत हुई। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे से शहर गुंजायमान हो गया। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं का स्वरूप लिए बच्चों की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा में भगवान राम-जानकी की झांकी का श्रद्धालुओं ने स्वागत करने के साथ ही आरती की। शोभा यात्रा कला केंद्र मैदान से स्नेह ⏭शेष 2 पर



अंबिकापुर में रावण दहन के दौरान मौजूद लोग।

कुबेरपुर पहुंचीं मंत्री राजवाड़े, हादसे के बाद पुलिस कार्रवाई पर अधिकारियों को लगाई फटकार



सूरजपुर/बिहारपुर। सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के बाद हुए उग्र प्रदर्शन आगजनी के मामले में पुलिसिया कार्रवाई अब राजनैतिक रूप लेता नजर आ रहा है। पुलिस द्वारा प्रदर्शन कारियों और आगजनी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी, गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किए जाने को लेकर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मंत्री ने समय रहते स्थिति को नियंत्रित नहीं करने और ग्रामीणों द्वारा लगाए गये एक तरफा कार्रवाई एक आरोप पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। बता दें कि चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम कुबेरपुर में क्रेशर प्लांट में लगे ट्रैक्टर के चालक की लापरवाही से स्कूटी सवार महिला चन्द्रावती जायसवाल पति संजय ⏭शेष 2 पर

आईजी-एसएसपी ने की शस्त्रों की पूजा, किया हार्ष फायर



मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर पुलिस परिवार द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। शहर के रक्षित केंद्र समेत समस्त थाना-चौकियो मे सुबह शस्त्रों और पुलिस वाहनों की पूजा की गई। इसके अलावा मंत्रोचारण के बीच हवन भी किया गया। पूजन पश्चात आईजी दीपक झा एवं एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने हर्ष फायर किए। हर साल की तरह इस साल भी दशहरे के अवसर पर परम्परागत ढंग से पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार कक्ष में रखे हथियारों को बाहर निकाल कर पूजा-अर्चना की गई एवं पूजा पश्चात हथियारों को शस्त्रागार में सुरक्षित रखा गया। इस दौरान आईजी श्री गर्ग ने कहा कि विजयादशमी पर्व के मौके पर पुलिस प्रतिवर्ष शस्त्रों के माध्यम से शक्ति की पूजा करती है। विजयादशमी का पर्व हमें बेहतर मार्ग का अनुसरण कर असत्य पर सत्य की जीत के मायने बताती हैं, इसके साथ ही पुलिस लाइन में पारंपरिक तरीके से शस्त्र पूजा की गई, पुलिस अधिकारियों द्वारा हवन और पूजा अर्चना कर जिले और प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहने के लिए प्रार्थना की गई। एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि ⏭शेष 2 पर

■ प्रदेश व जिले में शांति व्यवस्था कायम रहने की कामना

जीभ में बाना भेदकर निकाली गई शोभायात्रा

बाजे-गाजे के साथ किया गया जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शारदीय नवरात्रित के महानवमी के अवसर पर मायापुर स्थित देवी धाम से बाजे-गाजे के साथ गत दिन मां की जवारा निकाली गई। नगर भ्रमण पश्चात मां महामाया मंदिर में जवारा विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने बाना को जीभ से आरपार भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए। इस बीच शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत व पूजा अर्चना की गई।

मायापुर चांदनी चौक स्थित देवी धाम से गत दिन जवारा विसर्जन के लिए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला व पुरुष भक्तो ने अपने जीभ में बाना भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए। धाम से निकली शोभायात्रा मायापुर, गुरुनानक चौक, महामाया चौक, समलाया मंदिर होते हुए मां महामाया मंदिर पहुंची जहां जवारा का विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। बताया गया कि मायापुर स्थित देवी धाम पिछले 100 वर्ष से अधिक समय से जवारा रखा जा रहा है तथा परम्परा का निवर्हन पुजारी रामानंद सिंह द्वारा किया जा रहा है।

मान्यता है कि इस धाम में देवी का वास श्रद्धालुओं पर होता है तथा श्रद्धालु अपने जीभ में लोहे के बने बाना को जीभ में आरपार कर देवी को खुश करते है। शोभायात्रा के दौरान अतिश सिंह (सिन्टू सिंह), कालीचरण, पूनम सिंह, कृष्णा अगरिया, प्रीति सिंह, पलक सिंह, अविनाश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अर्पिता सिंह, सुमित अग्रवाल, अंकुश, कृष्णा अगरिया, राजेश गुप्ता, आलोक बारी, नमन सोनी, निशांत सोनी, दिव्यांश सिह, विरेन्द्र सोनी, दिनेश बारी, आलोक बारी, सिलू अगरिया, देवी राम, आकाश कश्यप, हर्ष बारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।



सरगुजा राज परिवार के मुखिया सिंहदेव ने की विधि विधान से पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को सरगुजा पैलेस में सरगुजा महाराजा व पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और उनके उत्तराधिकारी आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने विधि विधान से पूजा अर्चना की।

■ ढोल नगाड़ों के साथ अश्व, गज, ध्वज व शस्त्र का किया गया पूजन, कचरही में बैठकर लोगों से मुलाकात

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने राजकीय परम्परा का निर्वहन करते हुए पैलेस में ढोल नगाड़ों के साथ अश्व, गज, ध्वज, शस्त्र की पूजा अर्चना करने के साथ ही सरगुजा वासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। पूजा अर्चना के साथ ही उन्होंने दरबार में बैठकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोग भी अपने साथ नजराना लेकर पहुंचे थे। दूर दराज से आए लोगों ने सरगुजा महाराज से मुलाकात करने के साथ ही पैलेस घूमा। बता दें कि देश में आजादी के पहले राजा महाराजाओं का शासन होता था। अलग अलग रियासतों की अपनी स्वतंत्र सत्ता होती थी और हर रियासत के अपने नियम और परम्पराएं भी होती थी। सरगुजा रियासत में भी ऐसी ही परम्परा थी जिसके तहत दशहरा के दिन पैलेस के दरवाजे आम नागरिकों के लिए खोल दिए जाते थे। सरगुजा महाराज पैलेस में पूजा अर्चना करने के साथ ही लोगों से मुलाकात करते थे। इस दौरान महाराज को नजराना भी भेंट किया जाता था और यह परंपरा आज भी जीवित है। परम्परा के तहत सरगुजा महाराजा टीएस सिंहदेव व उनके उत्तराधिकारी आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने महा अष्टमी और महानवमी पर कुलदेवी मां महामाया के मंदिर में पहुंचकर संधि पूजा की थी जबकि ⏭शेष 2 पर

कर रहे जिम्मेदारी का निर्वहनः सिंहदेव

इस दौरान सरगुजा महाराजा टीएस सिंहदेव ने कहा कि ये परम्पराएं कई शताब्दियों से चली आ रही है। हमारे देश की जो मान्यताएं रही है उसके अनुसार दशहरे के दिन राम जी ने रावण का वध कर सच्चाई की जीत बुराई पर स्थापित कर देश-दुनिया व समाज को रास्ता बताया। उन्होंने कहा कि राजा हुआ करते थे जो अपने राज रियासत की रक्षा-सुरक्षा के लिए, नागरिकों की भलाई, उनकी देखभाल के लिए पूजन कर यह सन्देश देते थे कि आपने जो जवाबदारी दी है हम हमारा परिवार और राज सियासत का तंत्र आपकी देखरेख के लिए उपस्थित रहेगा। अष्टमी और नवमी की संधि बेला में मां महामाया मंदिर में पूजन होता है उसके बाद फाटक पूजा के लिए पैलेस का द्वार बंद कर दिया जाता है। आदिवासी परम्परा के अनुसार पुजारी आते है उनके पूजन और अनुमति के बाद ही राजा राजमहल में प्रवेश करते है। दशहरा पर रियासत की रक्षा-सुरक्षा के लिए सांकेतिक पूजन किया गया। गौरी गणेश कलश के साथ ही अश्व गज का पूजन हुआ। हाथी और घोड़ा सेना के के महत्वपूर्ण अंग होते थे। नवग्रह के साथ ही नगाड़ा पूजा की गई। वहीं आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि भगवान श्री राम के बुराई पर अच्छाई के जीत के पर्व पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सरगुजा और देश में शांति समृद्धि की कामना की गई। पारम्परिक रूप से पूजा के बाद हम कामना करते है कि यह वर्ष सभी के लिए खुशियों से भरा हो और बुराई पर अच्छाई की जीत के संदेश को अपने जीवन में भी निर्वहन कर सके।

शोक-संदेश



अत्यन्त दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्र
श्री रामलखन पोर्ते का आकस्मिक निधन दिनांक 13.10.2026 दिन मंगलवार को हो गया है। उनके दिवंगत आत्मा की शांति हेतु निम्न कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

!! कार्यक्रम !!
दिनांक 22.10.2026 दिन गुरूवार
दशगात्र, नहावन एवं चन्दनपान
(स्थान- ग्राम साल्ही (देऊरपारा)

स्व. श्री रामलखन पोर्ते

शोकाकुल : मनराखन, चन्द्रकेश्वर, अजीत, गजेन्द्र, रामनन्दन, सुरेश, शिवदर्शन, धनाराम, जगनारायण, परमाराम, महेन्द्र एवं समस्त पोर्ते परिवार

विनीतः श्री सेवाराम पोर्ते (पिता), श्री रामचरण पोर्ते (चाचा) श्रीमती अकल बाई पोर्ते (पत्नि), ग्राम-साल्ही, पोस्ट-डांडगाँव, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मो. 9752096940

नोट :- घाट जाने का समय दोपहर 12 बजे। चन्दनपान का समय साम 4 बजे। कृपया पगड़ी न लावें।

सभी रिश्तेदार, मित्रगण, स्वजाति बंधु एवं समस्त शुभचिंतक जिन्हें शोक पत्र नहीं मिला है इसे ही शोक पत्र मानकर कार्यक्रम में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

खबर संक्षेप

धर्म और न्याय की विजय का प्रतीक

मनेन्द्रगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि विजयादशमी हमें स्मरण कराती है कि असत्य और अन्याय चाहे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी के अवसर पर हमें केवल रावण के पुतले का दहन करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या और नकारात्मक विचारों रूपी रावण का भी अंत करने का संकल्प लेना चाहिए। समाज में व्याप्त बुराइयों और कुरीतियों को दूर कर आपसी सद्भाव, सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करना ही इस पर्व की वास्तविक सार्थकता है। रेणुका सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत सहित पूरे प्रदेश के नागरिकों से विजयादशमी का पर्व शांति, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाने तथा सत्य, सदाचार एवं जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

रक्षित केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस आज

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिला मुख्यालय स्थित रक्षित केंद्र में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर पुलिस कर्मियों से बलिदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जानकारी के अनुसार पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक, अन्य पुलिस अधिकारी जवानों के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों द्वारा वीर जवानों को सम्मान भी दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के बेहद दुर्गम हॉट स्प्रिंग्स में भारतीय पुलिस जवानों का एक छोटा दल गश्त कर रहा था इसी दौरान अचानक चीनी सेना ने भारतीय सीमा पर घात लगाकर हमला कर दिया था। इस हमले में कई पुलिस जवान शहीद हो गए थे। शहीदों के सर्वोच्च बलिदान और समर्पण के सम्मान में प्रतिवर्ष 21 अक्टुबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

59 सीढ़ियां चढ़ते ही माल डोंगरी में होते हैं मां शारदा के दिव्य दर्शन

जनकपुर। वनांचल की वादियों में बसी माल डोंगरी की पहाड़ी, प्रकृति की गोद में विराजमान मां शारदा मइया का दिव्य दरबार और श्रद्धा से गूंजती रामचरितमानस की चौपाइए। यह दृश्य केवल एक मंदिर की कहानी नहीं, बल्कि अटूट आस्था, लोकविश्वास और पीढ़ियों से चली आ रही भक्ति परंपरा का जीवंत प्रमाण है। एमसीबी जिले के विकासखंड भरतपुर की ग्राम पंचायत सिंगरौली के आश्रित ग्राम अमराडंडी में स्थित माल डोंगरी पर मां शारदा मइया भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई हैं। गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित इस मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 59 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। जैसे-जैसे कदम पहाड़ी की ओर बढ़ते हैं, वैसे-वैसे मन में माता के दर्शन की उत्कंठा और गहरी होती जाती है।
मां के दरबार में मत्था टेकने के लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ आसपास के गांवों और पड़ोसी मध्यप्रदेश से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि के दौरान यहां विशेष चहल-पहल रहती है।

सिंदूर खेला के साथ दी गई माता रानी को विदाई

गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन, देर रात तक चला सिलसिला





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आदिशक्ति मां दुर्गा की नौ दिनों तक विधि-विधान से आराधना के बाद दशमी तिथि को पूजा पंडालों में हवन-पूजन किया गया। इसके पश्चात दोपहर बाद शहर में स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए झांकियां निकाली गईं। गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच निकली विसर्जन झांकियों में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। डीजे की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं ने माता रानी को विदाई दी। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विसर्जन झांकियां झुमका बांध तट स्थित विशाल विसर्जन कुंड पहुंचीं, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। उल्लेखनीय है कि बैकुंठपुर शहर में दर्जनों स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की जा रही थी। दशमी तिथि को सभी पूजा पंडालों में हवन-पूजन के बाद प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजे वाहनों में विराजित किया गया। देर अपराह्न एक-एक कर विसर्जन झांकियां निकाली गईं। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती इन झांकियों को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। शहर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग माता रानी के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। कई पूजा पंडालों में विदाई से पूर्व महिला श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रूप से सिंदूर खेला की रस्म निभाई।

■ अंतिम दर्शन के लिए उमड़े

विभिन्न पूजा पंडालों से निकली झांकियां

देर अपराह्न से शुरू हुआ प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम शाम ढलने के साथ तेज हो गया। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से निकली झांकियां प्रमुख मार्गों से होते हुए झुमका बांध तट स्थित विसर्जन कुंड पहुंचीं। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद एक-एक कर देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं की भागीदारी के बीच देर रात तक प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा।

रामानुज मिनी स्टेडियम में धूं-धूं कर जला रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



विजयादशमी पर्व पर शहर के रामानुज मिनी स्टेडियम में बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक दशानन का दहन आतिशबाजी के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर मिनी स्टेडियम लोगों से पूरी तरह से भरा रहा। दशानन का दहन कार्यक्रम को देखने के लिए शहर ही नहीं बल्कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बडी संख्या में लोग परिवार एवं दोस्तों के साथ पहुंचे थे।

जानकारी के अनुसार इस वर्ष जयनगर के कारीगरों द्वारा शारदीय नवरात्र प्रारम्भ होने के पूर्व ही दशानन एवं उनके भाईयों का पुतला तैयार करने का काम शुरू कर दिया था। इस वर्ष करीब 55 फीट उॅचे रावण एवं करीब 50 फीट कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले का निर्माण कार्य किया गया है। विजयादशमी के दिन सभी जगह के पूजा पण्डालों में विराजे गए देवी मूर्तियों का विसर्जन पश्चात रात्रि निर्धारित समय पर मुख्य अतिथि द्वारा रावण सहित उनके भाईयों के पुतले का दहन किया गया। कुछ ही मिनट में विशाल रावण व उसके भाईयों का पुतला धू धू कर जल गया। इसके पूर्व भव्य आतिशबाजी का नजारा लोगों को देखने को मिला। रावण का पुतला दहन होने के साथ ही मिनी स्टेडियम में उमडी भीड़ धीरे धीरे निकलना शुरू कर दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा शमां

मिनी स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसे देखने के लिए शहर सहित अंचल के लोग काफी संख्या में जुटे थे। रावण दहन के पूर्व रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने काफी देर तक शमॉ बांधे रखा। इसके पश्चात बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीण रावण सहित अन्य पुतले का दहन किया गया।

शस्त्रागार में हुई पूजा-अर्चना

विजयादशमी पर्व पर स्थानीय रक्षित केंद्र के शस्त्रागार में पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में विधि विधान के साथ शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व रक्षित केंद्र के शस्त्रागार के सभी शस्त्रों का साफ सफाई किया गया। इसके बाद शस्त्रों को सजाकर पारंपरिक रूप से मंत्रोपचार के साथ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में शस्त्रों की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। देश में शस्त्र पूजा की परंपरा विजयादशमी पर परंपरा से होती चली आई है जिसका निर्वहन आज भी किया जाता है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष रक्षित केंद्र में शस्त्र पूजन का आयोजन दशहरा पर्व पर होता है। इस वर्ष भी उत्साह के साथ शस्त्र पूजा संपन्न की गई इस अवसर पर पुलिस अधिकारी व जवान पूजा के दौरान उपस्थित रहे। शस्त्र पूजा शक्ति, साहस, सुरक्षा और अपने कर्त्तव्यों के प्रति निष्ठा का संदेश देता है।

ईएमआरएस जामथान में महानवमी पर कन्या भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

महा नवमी के पावन अवसर पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जामथान में कन्या भोज एवं सामूहिक सहभोज का आयोजन किया गया।

प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए। धार्मिक आस्था के साथ आपसी सद्भाव, समानता और सामूहिक सहभागिता का संदेश देने वाले इस आयोजन में बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को पारंपरिक तरीके से ससम्मान भोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पूड़ी, चने की सब्जी, दाल-चावल एवं फल परोसे गए। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को जमीन पर एक साथ बैठाकर भोजन कराने की व्यवस्था की गई। इस दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों के साथ आत्मीयता से सहभागिता निभाई। भोजन परोसने से लेकर विद्यार्थियों की सहायता करने तक सभी ने मिल-जुलकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। इससे विद्यालय परिसर में पारिवारिक अपनत्व और सहयोग का वातावरण देखने को मिला। महा नवमी पर कन्या भोज का विशेष धार्मिक महत्व है।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान, समानता का भाव और दूसरों के प्रति सहयोग की भावना जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य हैं। प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करना तथा विद्यालय परिवार में एकजुटता की भावना विकसित करना रहा। सामूहिक सहभोज के दौरान सभी ने परस्पर सहयोग करते हुए भोजन ग्रहण किया। इस सहज सहभागिता ने यह संदेश दिया कि सामूहिकता और सद्भाव से ही एक बेहतर सामाजिक वातावरण का निर्माण संभव है।

एसईसीएल में फर्जी तरीके से अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल में अनुकंपा नियुक्ति के लिए कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों और गलत पहचान का सहारा लेकर नौकरी हासिल करने के मामले में चरचा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी छोटेलाल प्रजापति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस मामले में ग्राम पंचायत बिशनपुर जूनापारा निवासी प्रेमलाल प्रजापति ने अपने चाचा के बेटे छोटेलाल प्रजापति पर अपने पिता दशरथ प्रजापति के नाम का इस्तेमाल कर एसईसीएल में अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, मामले में शिकायत दिए जाने के कई महीनों बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर उसने पुलिस अधीक्षक से पुनः कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बिशनपुर जूनापारा निवासी प्रेमलाल प्रजापति, पिता दशरथ प्रजापति ने 10 सितंबर 2025 को थाना चरचा में लिखित शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में उसने अपने



■ छह माह बाद आरोपी गिरफ्तार, चरचा पुलिस की कार्रवाई

चचेरे भाई छोटेलाल प्रजापति, पिता रामकिशुन पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि छोटेलाल प्रजापति ने अपने पिता के नाम के स्थान पर उसके पिता दशरथ प्रजापति का नाम एसईसीएल के रिकॉर्ड में दर्ज करवाकर कथित तौर पर फर्जी तरीके से अनुकंपा नियुक्ति हासिल की और नौकरी करता रहा। शिकायत में इस पूरे मामले की जांच कर वास्तविक तथ्यों का खुलासा करने तथा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई थी। प्रेमलाल प्रजापति के अनुसार, थाना चरचा में शिकायत देने के बावजूद प्रारंभिक स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कलेक्टर कोरिया के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, 5 फरवरी 2026 को एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से शिकायतकर्ता ने मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर पुनः अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। उसका कहना था कि इतने गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सके। मामले में कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए प्रेमलाल प्रजापति ने 9 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कोरिया के समक्ष दोबारा आवेदन प्रस्तुत किया। उसने पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए आरोपी की गिरफ्तारी और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देश पर थाना चरचा पुलिस ने मामले में कार्रवाई तेज की। थाना प्रभारी निरीक्षक कृपाल सिंह गौतम के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी छोटेलाल प्रजापति के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी छोटेलाल प्रजापति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 419 एवं 420 व फर्जी दस्तावेज कि धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया।

10 लाख की लागत से स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

क्षत्रिय समाज द्वारा डोमनहिल स्थित क्षत्रिय भवन में रविवार को शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। शस्त्र पुजा एवं मां काली के छायाचित्र का पूजन करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भवन निर्माण के लिए मुख्य अतिथि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी में बेरोजगारी बहुत है, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, समाज के मंत्री ने भवन के लिए स्वीकृत 37 लाख रुपए और स्टेज के लिए 25 लाख रुपए की राशि के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारे विधायक प्रदेश में कैबिनेट मंत्री हैं। वे घंटों-घंटों में क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। कुछ घंटे पहले चिरमिरी में होते हैं, तो कुछ घंटे बाद रायपुर में होने की जानकारी मिलती है। शस्त्र पूजा कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने



कहा कि आज क्षत्रिय समाज द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज से मनोनीत एल्डरमैन उपेंद्र सिंह को शॉल और श्रीफल पहनाकर सम्मानित किया गया। मंत्री श्री जायसवाल ने आगे कहा कि यह मेरा विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन जब मैं यहां लोगों से मिलता हूं, तो लगता है कि अपने परिवार के बीच में हूं। कुछ लोग पद पाने के लिए कुछ भी करते रहते हैं और मैं कुछ करने के लिए पद पर बैठा हूं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हमारी संस्कृति से भी गुरेज है। क्या हम अपनी संस्कृति को भूल जाएं यह बात उन्होंने गरबा महोत्सव के दौरान सोशल मीडिया पर की गई टीका-टिप्पणी के संदर्भ में कही। विधायक जायसवाल ने कहा कि क्या संस्कृति को सिर्फ इसलिए भूल जाएं कि इसमें खर्च हो रहा है शस्त्र पूजा भी समाज के लोगों को एक स्थान पर एकत्रित कर जोड़ने की परंपरा है। खर्च तो इसमें भी लगता है, तो क्या इसे बंद कर दिया जाना चाहिए मेरा जवाब है बिल्कुल नहीं। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय का धर्म छाते के रूप में लोगों को सुरक्षित करना है। क्षत्रिय भले ही कद में छोटा हो, लेकिन जब भी आवश्यकता पड़ती है, तो क्षत्रिय का विशाल रूप दिखाई देता है।

इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने क्षत्रिय समाज के प्रेरणादायक महापुरुषों महाराणा प्रताप सिंह, महाराणा सांगा और पृथ्वीराज चैहान को याद किया। मंत्री जायसवाल ने आगे कहा कि कलचुरियों ने 18-18 गढ़ों को मिलाकर छत्तीसगढ़ बनाया है। मैं आप लोगों के सम्मान के लिए 18-18 घंटे काम कर रहा हूं, ताकि आप प्रदेश के किसी भी जिले में जाएं, तो आपको सम्मान की नजर से देखा जाए। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने एक बीज लगाया, पानी डाला और उसे पेड़ बनाया है, जिसे अब पूरा छत्तीसगढ़ जानता है।

विवेकानंद चौक से निकलेगी शोभायात्रा

चरचा कॉलरी। विजयादशमी एवं दशहरा पर्व के पावन अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिलेगा। भगवान श्रीराम के प्रति आस्था और श्रद्धा को समर्पित करते हुए सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में मंगलवार, 20 अक्टूबर को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

आयोजकों ने नगरवासियों सहित समस्त हिंदू समाज के लोगों से शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह 11 बजे भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा विवेकानंद चौक से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा सुभाष नगर चौक, महाराणा प्रताप कॉलोनी, नेपाल गेट, कृष्णा नगर चौक, वीटीसी कॉलोनी चौक, हनुमान मंदिर, राजीव गांधी चौक एवं बाजारपारा लाइन से होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं आरती की जाएगी। इसके पश्चात शोभायात्रा वापस सुभाष नगर स्थित दुर्गा पंडाल पहुंचेगी, जहां कार्यक्रम का समापन होगा।

पेज 1 का शेष

रावण दहन के साथ ...

चौक, देवीगंज रोड, अम्बेडकर चौक होते हुए देर शाम पीजी कॉलेज मैदान में पहुंची थी। पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए अपार जनसैलाब पहुंचा था। मंच पर जैसे ही भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान बने बच्चों को लाया गया पूरा मैदान जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। समारोह में अतिथियों द्वारा श्री राम का राजतिलक किया गया। इस दौरान कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति जारी रही। इस बीच संभाग स्तरीय रामचरित मानस गायन व लोक नृत्य के विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा करने के साथ ही अतिथियों द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया।

विजयादशमी पर निकली ...

स्वैह आगे बढ़ी इस दौरान युवाओं का उत्साह चरम पर था। इसके साथ ही शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और युवतियां भी शामिल हुई। शोभा यात्रा के दौरान ओड़िसा संबलपुर के कलाकारों का प्रदर्शन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने मां काली समेत अन्य स्वरूपों में शोभायात्रा की शान बढ़ाई। इस दौरान जगह जगह शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा कला केंद्र मैदान से घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, महामाया रोड होते हुए महामाया मंदिर पहुंची जहां विशेष रूप से आरती की गई। इस आरती में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में महिलाएं भी महामाया मंदिर पहुंची थी। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

सरगुजा राज परिवार ...

दशहरा के अवसर पर पैलेस में पूजा की गई। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव व उनके उत्तराधिकारी आदित्येश्वर ने विजयादशमी के अवसर पर पैलेस में फाटक, अश्व, गज, शस्त्र, नगाड़ा, नवग्रह, ध्वज, निशान, नगाड़ा सहित अन्य पूजा की। परम्परा के अनुसार पैलेस में रखे शस्त्रों, अश्व, गज की पूजा की गई। पैलेस में होने वाली विशेष पूजा में शामिल होने के लिए राज परिवार से जुड़े सदस्यों के साथ शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे थे।

आईजी-एसएसपी ने ...

विजयादशमी का पर्व हमें सत्य एवं सदाचरण की राह पर चलने के लिए प्रेरित करती है, आमजनों के हित मे सरगुजा पुलिस लगातार अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है, साथ ही सतत प्रयासों से जिले मे अपराध के अपराधों मे कमी लाकर शांति एवं क्रानून व्यवस्था बनाया रखा जायगा। इस अवसर पर एएसपी रितेश चौधरी, सीएसपी/डीएसपी ग्रामीण राकेश बघेल, नगर सेना कमानडेंट शिवराम कठोतिया, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, सहित रक्षित केंद्र के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

कुबेरपुर पहुंचीं मंत्री ...

जायसवाल की मौत के बाद मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मृतिका के परिजन से मिलने पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने मृतिका के परिवार को सांत्वना दी। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने इलाके में हो रहे कथित अवैध उत्खनन परिवहन का मुद्दा भी मंत्री के सामने उठाया। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मृतक महिला के परिजन से मुलाकात की और अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के स्पष्ट निर्देश दिए। मंत्री ने चेतावनी दी कि घटना के नाम पर ग्रामीणों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली और हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात कही। मंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि जब हादसा दोपहर में हुआ था तो शाम तक प्रशासन की तरफ से क्या कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि मुख्य जिम्मेदार लोगों पर ध्यान दिए बिना केवल स्थानीय लोगों को निशाना बनाना सर्वथा अनुचित है। उन्होंने कहा कि गिट्टी लोड ट्रैक्टर के दस्तावेज, क्रशर संचालन और अवैध परिवहन की गहन जांच हो तथा ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाए। जिन ग्रामीणों के खिलाफ उपद्रव या आगजनी का कोई पुख्ता साक्ष्य/सबूत नहीं है, उन्हें बिना आधार जेल न भेजा जाए और हिरासत में लिए गए निर्दोष व्यक्तियों को तत्काल रिहा किया जाए। पुलिस हिरासत में किसी भी ग्रामीण के साथ किसी भी प्रकार की मारपीट या अमानवीय व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपनी नाकामी छिपाने के लिए पूरे गांव में भय का माहौल बनाना और निर्दोषों पर एकतरफा कार्रवाई करना तुरंत बंद किया जाए।

TOP IN SURGUJA













खबर संक्षेप



जिला मुख्यालय में की गई मां सिद्धिदात्री की पूजा अनुष्ठान

बलरामपुर। शारदीय नवरात्र के आज 9 वे दिन जिला मुख्यालय में की मां सिद्धिदात्री की भव्य पूजा अनुष्ठान किया गया। पूजा अनुष्ठान प्रसाद दोपहर में पूर्ण आहुति की कार्यक्रम हुई इसके साथ ही मां दुर्गा के नवे स्वरूप का पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ संपूर्ण पूजन कार्यक्रम के पश्चात दोपहर से सभी पंडालों में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद लेने के लिए दोपहर से शाम तक लोग लाइन में लग रहे। जिला मुख्यालय में पहली बार ऐसा देखने को मिला कि भंडारे का प्रसाद लेने के लिए लोग लाइन में घंटे खड़े रहे। लाइन में खड़े लोगों ने बताया कि यह भी एक मां दुर्गा के आराधना का ही रूप है की प्रसाद पाने के लिए हमें लाइन में खड़े होना पड़ रहा है यह हमारे सौभाग्य की बात है। आज जिला मुख्यालय के पंडालों में जगराता के साथ-साथ डांडिया गरबा कार्यक्रम की आयोजन किया गया है। मंगलवार की देर शाम दशहरा के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम हाई स्कूल ग्राउंड पर होगा।

वृद्धजनों को भोजन कराकर लिया आशीर्वाद

मड़वारानी। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ एवं समाजसेवी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी गोविंदा सारथी अशोक पटेल क्रांतिकारी योद्धा जिला अध्यक्ष कौशल चौहान, नगर अध्यक्ष सोनू मंहत, ब्लाक अध्यक्ष मनोज यादव, कैलाश दास महंत, एवं समस्त पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कैटरिंग कुक द्वारा छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के लिए निशुल्क भोजन बनाया गया।

शक्ति की भक्ति में लीन हुए भक्त

नगर समेत क्षेत्र में दुर्गा पूजा की धूम
दुर्गा पंडालों में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

सीतापुर। नगर सहित पूरे क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा का पर्व अत्यंत धूमधाम भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष नगर की प्रमुख दुर्गा उत्सव समितियों ने भव्य पंडाल और आकर्षक झांकियां तैयार की हैं जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसके अलावा पंडालों के आसपास एवं नगर के चौक चौराहों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है।

नगर की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर में माता की पूजा अर्चना के लिए सुबह शाम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मनोकामनापूर्ति हेतु भक्तों द्वारा माँ के दरबार में प्रज्वलित घी एवं तेल की अखण्ड ज्योति से मां का दरबार जगमगा उठा है। नगर के जयस्तंभ चौक में सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति द्वारा इस वर्ष भी बेहद भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है।



जयस्तंभ चौक पर माता के दर्शन के लिए तड़के से ही भक्तों की कतारें लग रही हैं। महाआरती के समय पूरा चौक जय माता दी के जयकारों और शंखध्वनि से गूंज उठता है। महाआरती के बाद पंडाल में देर रात तक भक्त गरबा एवं डांडिया नृत्य के साथ शक्ति की भक्ति में लीन हो जाते है। इसके अलावा पंडाल में होने वाले जगराता एवं भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति में भक्त झूम उठते है। मध्यनगरिय दुर्गापूजा समिति की ओर से पारंपरिक और सांस्कृतिक रीती-रिवाजों के साथ उत्सव मनाया जा रहा है। यहां स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमा की सौम्यता देखते ही बन रही है। लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम दुर्गापूजा समिति का पंडाल इस बार अपने विशाल स्वरूप और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए चर्चा में है। स्टेडियम के बड़े परिसर में नवदुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां दर्शनार्थियों की भारी भीड़ के साथ-साथ देर रात तक जगराता के साथ पारंपरिक गरबा और डांडिया उत्सव का आयोजन हो रहा है,जहां युवा और बच्चे पारंपरिक पोशाकों में माता की भक्ति के गीतों पर थिरक रहे हैं।

मां मंगरेलगढ़ में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

क्षेत्र की आराध्य देवी मां मंगरेलगढ़ परिसर में शारदीय नवरात्र का पर्व बड़े धूमधाम एवं भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। मां मंगरेलगढ़ मंदिर समेत पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। माँ मंगरेलगढ़ के दर्शन हेतु क्षेत्र के अलावा दूर दराज से भी काफी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भक्त अपनी मनोकामनापूर्ति हेतु माँ के दरबार में अखण्डज्योति जलाते हैं ताकि माँ उनकी मनोकामना पूर्ण कर सकें।

पुलिस अधीक्षक वैभव वेंकट रमन ने डांडिया में लिया हिस्सा

सनातन सेवा समिति का नवरात्रि गरबा महोत्सव

रामानुजगंज। नगर के गांधी मैदान में सनातन सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर लगातार तीसरे वर्ष आयोजित दो दिवसीय नवरात्रि गरबा महोत्सव संपन्न हुआ। आकर्षक साज-सज्जा, पारंपरिक परिधानों, भव्य आतिशबाजी, डांडिया की थाप और बड़ी संख्या में सनातनी समाज के लोगों की उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वैभव वेंकट रमन की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। वे लगातार तीसरी बार इस आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने आयोजन स्थल की भव्य सजावट और गरबा के माहौल की सराहना करते हुए कहा कि रामानुजगंज का यह आयोजन उन्हें गुजरात की याद दिलाता है। पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में लोगों को साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रहने, यातायात नियमों का पालन करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की बात कही। संबोधन के बाद पुलिस अधीक्षक ने बच्चों और आयोजन समिति के सदस्यों के साथ डांडिया भी खेला। उनके साथ डांडिया करने का अवसर मिलने पर छोटी-छोटी बच्चियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। दो दिवसीय गरबा महोत्सव को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी आकर्षक बनाया गया। इसमें ग्रुप गरबा, बेस्ट कपल गरबा तथा बेस्ट ड्रेस जैसी श्रेणियों में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन हरिओम कुमार गुप्ता, करिश्मा गुप्ता एवं श्रीमती पूजा चौबे द्वारा किया गया। मूल्यांकनकर्ताओं ने विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों के प्रदर्शन, पारंपरिक परिधानों और प्रस्तुति का सूक्ष्मता से आकलन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम आनंद नेताम, तहसीलदार मनोज पैकरा, जनपद सीईओ रणवीर साईं, सनातन सेवा समिति के संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप तिवारी, कन्हैयालाल अग्रवाल, जयप्रकाश गुप्ता, अरुण केसरी एवं सीताराम गुप्ता, श्रीमती शर्मिला गुप्ता, अजय सोनी, अरविंद दुबे, राकेश गुप्ता, बैजनाथ केसरी, श्रीमती तारा गुप्ता, श्रीमती ललिता सिंह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल रहे।



रामदुलारे पाठक एवं प्रेम मूर्ति प्रदीप महाराज की अमृत वाणी से घाटबर्रा पंचायत भक्तिमय

डांड़गांव। ग्राम पंचायत घाटबर्रा में शारदीय नवरात्र पर ग्राम पंचायत के दो अलग अलग मुहल्लों में श्रीमद भागवत कथा, देवी पुराण भगवान कथा बड़े ही भक्तिमय माहौल में किया जा रहा है। भगवान कथा रामदुलारे पाठक महराज पवई धाम पन्ना मध्यप्रदेश वाले वही वृंदावन धाम से पधारे प्रेम मूर्ति प्रदीप महराज दूसरे महल्ले में इस वर्ष देवी पुराण भगवत कथा का वाचन कर रहे हैं।

प्रवचन सुनने जिले सहित दूर दूर से लोग प्रति दिन आते हैं। यह कार्यक्रम पूरे 9 दिन नवरात्र में चलता है। शाम ढलते ही गांव का वातावरण पुरी तरह से भक्ति मय हो जाता है, महिला, पुरूष, बच्चे सभी झूम उठते हैं। लगभग 12 वर्षो से शारदीय नवरात्र के अवसर पर इस ग्राम पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन करने वाले प्रमुख कमेटी के सदस्य अमरेश प्रसाद मरकाम सरपंच, कमलेश यादव, संत विलास यादव, प्रेम नाथ यादव, रामबली यादव, रामविलास यादव, शिव बिलास यादव, जगदीश यादव, दिनेश यादव, आशीष यादव, राधे कृष्ण यादव, बलराम यादव, शिवनारायण यादव, नागेश्वर यादव, राम भोला यादव,नारायण यादव, टकेस्वर यादव, घनश्याम यादव, हीरालाल यादव, कृपासिंधु यादव, मुन्ना यादव, आत्मा राम यादव,इंद्रजीत यादव, अम्बिका यादव, अमृत सिंह, सीता राम पावले, नवल सिंह, काशी प्रसाद यादव सहित अन्य सदस्य सक्रिय है।



द्वारिकापुर के मां दुर्गा मंदिर में नवरात्रि पर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, विजयादशमी पर विशाल भंडारा

रामानुजनगर। विकासखंड के ग्राम पंचायत द्वारिकापुर स्थित शतचंडी मां दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। आस्था, भक्ति और धार्मिक परंपराओं से जुड़ा यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन गया है।

मंदिर के पुजारी पंडित विनय दूबे ने बताया कि वर्ष 2022 में मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा एवं शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया था। इसके बाद मंदिर की धार्मिक पहचान और अधिक मजबूत हुई। मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। मंदिर के संरक्षक परमेश्वर यादव ने बताया कि विजयादशमी के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के राम अवतार सिंह, अमन, प्रतीक यादव, गजेंद्र राजवाड़े, सुरज साय सिंह, जय बाल सिंह, रामलाल साहू, रामलाल देवांगन, नानो बाई, बबीता सिंह, बुधानो बाई, निराशो सिंह, सुनील साहू, राधा साहू, पवन यादव, धनीराम, तुलसीराम यादव, श्यामलाल साहू, मनीष, नवीन दुबे एवं ओमप्रकाश सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हैं।







खबर संक्षेप

ताइक्वांडो में रिद्धि कश्यप ने जीता रजत पदक



शंकरगढ़। 26 वीं राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शंकरगढ़ निवासी रिद्धि कश्यप ने द्वितीय स्थान हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। रायपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में रिद्धि ने अंडर-14 बालिका वर्ग के 32-35 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

रिद्धि कश्यप, शंकरगढ़ निवासी मनीष कश्यप की पुत्री एवं विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप की भतीजी हैं। वह पीएम श्री सेजेस शंकरगढ़ में कक्षा छठवीं की छात्रा हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करना रिद्धि की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और शंकरगढ़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

पुलिया से टकराई बाइक एक युवक की मौत

अम्बिकापुर। जगराता कार्यक्रम देखकर लौट रहे बाइक सवार ग्राम रजबहर के समीप अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम सत्य नगर निवासी शिव नारायण आ. महेश (25 वर्ष) गत दिन चचेरा भाई के साथ जगराता कार्यक्रम देखने रजबहर गए थे। रात को दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही रजबहर पुलिया के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गए। दुर्घटना में शिव नारायण गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके चचेरे भाई को मामूली चोटे आई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन शिव नारायण को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

स्कूटी की टक्कर से ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। भूषा लेकर घर आ रहे स्कूटी सवार ग्रामीण को पीछे से आ रहे स्कूटी चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कतकालों निवासी हीरा लाल महंत आ. स्व. प्रहलाद महंत (47 वर्ष) रविवार को स्कूटी से भूषा लेने करजी चौक गया था। शाम को भूषा लेकर जैसे ही घर के सामने मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएल 0386 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

एसईसीएल के 7 माइनिंग अफसरों के तबादले कृष्णा कुमार खदान के नए मैनेजर होंगे

बिश्रामपुर। एसईसीएल में माइनिंग संवर्ग के 7 अफसरों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है,गुरुवार 20 अक्टूबर को तीन अफसरों के संशोधित तबादला आदेश के साथ चार अन्य अधिकारियों के प्रभार बदले गए हैं।जारी आदेश में एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा सुनील प्रसाद को सोहागपुर एरिया का जीएम ऑपरेशन नियुक्त किया गया है,संजय सिंह सब एरिया मैनेजर राजगमार कोरबा एरिया से बंगवार एवं दामिनी एरिया सोहागपुर का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है। राजेश खम्परिया को सोहागपुर हेड क्वार्टर पोस्टिंग दी गई है,रेजा अहमद चिरमिरी से एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा बिश्रामपुर रेहर खदान में बतौर मैनेजर पदस्थ जीएस ठाकुर को राजगमार यूजी कोरबा का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है,दीपक भारद्वाज को सोहागपुर से दामिनी यूजी सोहागपुर खदान का मैनेजर नियुक्त किया गया है।कृष्णा कुमार कुसमुंडा से रेहर खदान बिश्रामपुर के नए मैनेजर नियुक्त किए गए हैं।

डांडिया नाइट में बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा



लखनपुर। लखनपुर में पहली बार सार्वजनिक रूप से सामूहिक रूप से डांडिया का भव्य और रंगारंग आयोजन जीआरए इंटरनेशनल स्कूल में हुआ। आयोजन में विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं नगर के बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भव्य आयोजन में रायपुर की सियादेश म्यूजिकल टीम एवं अंबिकापुर के गायक राजेश अग्रवाल के संगीत द्वारा सभी ने जमकर डांडिया और गरबा का आनंद लिया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, खेले के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारते हैं। साथ ही समाज के सभी लोगों के साथ जुड़कर संस्कृति से जुड़कर इसे आगे ले जाने का भी अवसर प्राप्त होता है। अजीत अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास का अवसर देता है। प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से कम्युनिटी गैदरिंग के माध्यम से सभी से जुड़ने और एक साथ एक मंच पर आने का भी अवसर मिलता है। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन के अजीत अग्रवाल, मीतु अग्रवाल, अंश अग्रवाल एवं प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य उपस्थित रहे।

बारिश के दौरान 8 किमी कंठी घाट सड़क की हालत हो गई थी दयनीय

बलरामपुर से सामरी कुसमी जाने वाले मार्ग पर यात्री बस संचालन नहीं होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



पिछले दिनों जिले में हुई भारी बारिश तथा जिला मुख्यालय से महाराजगंज चांदों सामरी से होते हुए कुसमी जाने वाले मार्ग पर यात्री बसों के आवागमन पर लगा प्रतिबंध नहीं हटने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लगभग 8 किलोमीटर लंबी कंठी घाट मार्ग की सड़क बारिश में खराब हो जाने के कारण कलेक्टर के निर्देश अनुसार भारी वाहन एवं यात्री बसों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन झमाझम बारिश का दौर थमने और मौसम साफ होने के बाद भी मार्ग के चालू नहीं होने की वजह से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बलरामपुर जिले में तीन माह पूर्व लगातार बारिश होने के वजह से कलेक्टर के निर्देशानुसार बलरामपुर से कंठी घाट होकर के कुसमी जाने वाली जाने वाली मार्ग को भारी वाहनों के लिए और यात्री बसों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में परेशानी होना प्रारंभ हो गया 3 महीना का समय किसी तरह लोगों द्वारा बीता दिए लेकिन अब बारिश का दौर थम गया है इसके बावजूद समय पर सड़कों की मरम्मत नहीं होने से परिवहन सेवा प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और कलेक्टर को पहल करना चाहिए कि कंठी घाट की यथाशीघ्र मरम्मत करना चाहिए ताकि फिर से परिवहन सेवा चालू हो सके और लोगों को हो रहे परेशानी से मुक्ति मिल सके। मार्ग प्रतिबंधित होने से बलरामपुर से कंठी घाट होकर के कुसमी जाने वाले सभी वाहनों को वर्तमान में बलरामपुर राजपुर शंकरगढ़ होकर के कुसमी जाना पड़ रहा है जिससे लगभग 50 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ रहा है। लोगों को अतिरिक्त दूरी के साथ लगभग 2 घंटे से भी अधिक की समय अतिरिक्त बर्बाद हो रहा है।

ऐसे में कुसमी करौंदा से रामानुजगंज न्यायालय जाने वाले लोगों तथा रामानुजगंज और मुख्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समय एवं पैसों की बर्बादी- पिछले 3 महीना से बसों का संचालन नहीं होने से लोगों को न सिर्फ परेशानी हो रही है बल्कि अतिरिक्त समय और पैसों की बर्बादी हो रही है। लोगों का कहना है कि ज्यादा खर्च में हमें कम लाभ हो रहा है पहले कम खर्चे में कम समय में लाभ प्राप्त होता था। साथ ही लंबी दूरी तय कर गाड़ी चलाने से वाहनों में भी खराबी आ रही हैं वहीं लंबी दूरी तय कर गंतव्य तक जाने के कारण समय की भी बर्बादी हो रही है।

छात्रों और मरीजों की बढ़ी परेशानी

बरसात समाप्त होने के बाद भी कंठी घाट मार्ग के प्रारंभ नहीं होने के कारण छात्रों एवं मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। पिछले दिनों छात्र परीक्षा देने बस से बलरामपुर आ रहा था बस शंकरगढ़ राजपुर हो करके बलरामपुर देरी से पहुंचा जिसके कारण छात्र परीक्षा देने से वंचित हो गया। इसी तरह जिला मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय जिले के दूरदराज क्षेत्र से आने वाले मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बस संचालन की मांग

क्षेत्र के लोगों ने बलरामपुर से महाराजगंज होते हुए कुसमी पहुंच मार्ग को जल्द शुरू करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि कंठी घाट मार्ग की 8 किमी सड़क खराब है। बारिश थमने और मौसम साफ होने के बाद भी मरम्मत शुरू नहीं की गई जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कंठी घाट के यथा शीघ्र मरम्मत करा कर बसों का संचालन प्रारंभ करें जिससे लोगों को राहत मिल सके।



विजयादशमी पर क्षत्रिय भवन में हुआ विधिवत शस्त्र पूजन

बिश्रामपुर। विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को नगर के क्षत्रिय भवन में क्षत्रिय समाज की ओर से पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शस्त्रों का पूजन किया गया तथा समाज की परंपरा, गौरव और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज की एकता, आपसी सद्भाव और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।उपस्थित सदस्यों ने कहा कि समाज की समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और सामाजिक एकजुटता को बनाए रखने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित सदस्यों का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया गया। साथ ही आगामी वर्ष में कार्यक्रम को और बेहतर, व्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभी ने समाज हित में मिलकर कार्य करने तथा संगठन की गतिविधियों को और सक्रिय बनाने की बात कही। कार्यक्रम में जीएम ऑपरेशन अतुल सिंह, सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह, सुजीत सिंह, बी. किशोर, सचिव रमेश सिंह, दीपेंद्र चौहान, चंदन सिंह, अवनीश सिंह, प्रणय सिंह राणा, गोपाल सिंह विद्रोही, गौतम सिंह, आशीष सिंह, प्रेमचंद्र सिंह, रमाशंकर सिंह, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, नीरज सिंह, उमेश सिंह, उज्ज्वल सिंह, अंकित सिंह चौहान सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

नौ दिनों तक माताराणी की भक्ति के बाद कालरात्रि मंदिर में जवारा विसर्जन



बिश्रामपुर। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक भक्ति, आस्था और साधना से सराबोर रहे केनापारा स्थित स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर में मंगलवार को विधि-विधान के साथ ज्वारा विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तों ने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना की।

नौ दिनों तक माता की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने परंपरानुसार ज्वारा विसर्जन कर शारदीय नवरात्र को भावपूर्ण विदाई दी। कोयलांचल क्षेत्र में विशेष आस्था के केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर में नवरात्र के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। नौ दिनों तक श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते रहे। नवरात्र की पूर्णाहुति के अवसर पर ज्वारा विसर्जन के साथ ही मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हुआ। ज्वारा विसर्जन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भक्तों की अटूट आस्था, विश्वास और मां के प्रति समर्पण का प्रतीक भी है। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। साथ ही भक्तों ने अगले वर्ष पुनः नवरात्र में माता की आराधना करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना की।धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति के साथ मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र का पर्व संपन्न हुआ।



गरबा-डांडिया उत्सव में उमड़ा आस्था और उत्साह का सैलाब, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

प्रतापपुर। नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की भक्ति, श्रद्धा और आस्था से सराबोर नगर में मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में गरबा-डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा स्टेडियम ग्राउंड माता रानी की भक्ति एवं उत्साह से गुंजायमान हो उठा।

गरबा उत्सव में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आकर्षक परिधानों में सजे प्रतिभागियों के हाथों में डांडिया और गरबा की धुन पर थिरकते नजर आए। विशेष रूप से महिलाओं में गरबा-डांडिया को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महिलाएं अपने परिजन के साथ कार्यक्रम में पहुंचीं और एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों एवं गरबा की धुन पर जमकर नृत्य करती नजर आईं। रंग-बिरंगे परिधानों, डांडिया की खनक और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक सभी में गरबा उत्सव को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गरबा-डांडिया नृत्य कर नवरात्रि महापर्व को उल्लास और उमंग के साथ मनाया। आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल,नवीन सोनू जायसवाल, विनोद जायसवाल,सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, एवं सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, सूर्या अग्रवाल, सूर्या सहित समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

साड़ी खरीदने के बहाने दुकान में घुसी महिलाएं 36 हजार की साड़ियां चुराई, 12 आरोपी गिरफ्तार



बिश्रामपुर। लटोरी-करवाँ मार्ग स्थित विकास वस्त्रालय में साड़ी खरीदने के बहाने पहुंचीं महिलाओं ने शातिर तरीके से 36 हजार रुपये की साड़ियां पार कर दीं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 महिलाओं और दो पुरुषों सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई साड़ियां भी बरामद कर ली गई हैं।

पुलिस के अनुसार, दुकान संचालक विवेकानंद विश्वास पिता सुशील विश्वास ने शिकायत दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे दो कारों से आधा दर्जन महिलाएं उनकी दुकान पहुंचीं,महिलाओं ने साड़ियां दिखाने को कहा,दुकानदार उन्हें साड़ियां दिखाने में व्यस्त था,तभी महिलाओं ने मौका देख पांच साड़ियां छीपाकर पार कर दीं,इसी समूह की कुछ महिलाएं दुकान से लगे गोदाम में भी साड़ियां देखने के बहाने पहुंचीं और वहां से साड़ियों का एक बंडल लेकर चुपके से निकल गईं। महिलाओं के जाने के बाद दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

बनारस रोड पर तंबू लगाकर बेचने की फिराक में थीं - शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की,इसी दौरान पता चला कि संदिग्ध महिलाएं बनारस रोड पर सड़क किनारे तंबू लगाकर चोरी की साड़ियां बेचने के लिए बैठी हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को हिरासत में लिया और चौकी लाकर दुकान संचालक से पहचान कराई। इसके बाद चोरी गई साड़ियां बरामद कर ली गईं। सभी आरोपी राजस्थान के बारां जिले के विभिन्न गांवों के निवासी बताए गए हैं,पुलिस के अनुसार उक्त सभी पकड़े गए आरोपी घुमंतू प्रवृति के हैं, इसी तरह के ठगी के कारोबार इनके द्वारा चलाने की जानकारी पूछताछ में सामने आई है। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) और 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है,सभी 12 आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय पेश किया है।

दुर्गा पंडालों में पहुंचीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, तीन निर्माण कार्यों की घोषणा

भैयाथान। कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े शनिवार को भैयाथान क्षेत्र के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में सजे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन किए तथा क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने बड़सरा, बांसापारा और विरमताल में धार्मिक आयोजनों से जुड़ी तीन निर्माण कार्यों की घोषणा की।

ग्रामीणों की मांग पर बड़सरा में दुर्गा पंडाल के लिए मंच निर्माण, बांसापारा में दुर्गा पंडाल के सामने शेड निर्माण तथा विरमताल में दुर्गा पंडाल के लिए मंच निर्माण की घोषणा की गई। इन निर्माण कार्यों से गांवों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा मिलने की उम्मीद है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जूर, खड़गवां, बीरमताल, नवापारा, शिवपुर, गंगोटी,



बांसापारा, खुटरापारा, डबरीपारा, शिवप्रसाद नगर, सोनपुर डबरीपारा, बड़सरा, कुसमुसी, रगदा और चोपन के दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचीं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सुंदरपुर में आयोजित करमा प्रतियोगिता में भी शामिल हुई। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि नवरात्रि हमारी आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का पर्व है।

मां दुर्गा से प्रार्थना है कि क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। ग्रामीणों की आवश्यकताओं और मांगों के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने करमा प्रतियोगिता के महत्व पर कहा कि करमा हमारी समृद्ध छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोकनृत्य और लोक परंपराओं का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

महानवमी पर हवन-पूजन के साथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति और उत्साह का दिखा संगम



बिश्रामपुर। शारदीय नवरात्र की महानवमी पर शिवनंदनपुर - बिश्रामपुर आसपास ग्रामीण इलाके में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। मां दुर्गा की आराधना, हवन-पूजन और कन्या पूजन के बीच देवी मंदिरों एवं दुर्गा पूजा पंडालों में धार्मिक उत्साह छाया रहा। नौ दिनों तक चले नवरात्र उत्सव के अंतिम पड़ाव पर श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कोयलांचल के प्रमुख आस्था केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर परिसर व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा समेत सभी दुर्गा पंडालों में महानवमी के अवसर पर सुबह विशाल हवन-पूजन का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन का आशीर्वाद मांगा। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा।बिश्रामपुर के मां समलेश्वरी महामाया मंदिर और केनापारा स्थित स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर सहित गौरीशंकर मंदिर प्रांगण, बंगाली क्लब कल्चरल एसोसिएशन, दक्षिणमुखी संकटमोचन हनुमान मंदिर बस स्टैंड तथा अंबेडकर चौक स्थित जय भवानी दुर्गा पूजा पंडाल में नवरात्र की रौनक दिखाई दी। कुमदा कॉलोनी, रामनगर, सिलफिली, लटोरी, महावीरपुर, अजबनगर, कंदरई, राजापुर, डेडरी और करवां सहित आसपास के क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं ने देवी आराधना कर पर्व मनाया। महानवमी पर कन्या पूजन की परंपरा के तहत श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया और भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया।





